डीएवीवी • नए फॉर्म में दोनों भाषाओं में देना होगी जानकारी, 15 दिन में घर पहुंचेगी डिग्री

नए फॉर्म छपे, 16 से जो भी आवेदन करेगा उसे मिलेगी हाईसिक्युरिटी डिग्री

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी में नई हाई सिक्युरिटी डिग्री के लिए नए फॉर्म छपकर आ गए हैं। सोमवार को नई डिग्री के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी होगा और 16 अक्टूबर से जो भी छात्र डिग्री के लिए आवेदन करेगा, उसे यही डिग्री मिलेगी। एक ही प्रमाण पत्र पर हिन्दी और अंग्रेजी की डिग्री मिलेगी। नए फॉर्म पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों में संपूर्ण जानकारी भरना अनिवार्य होगा। 300 रुपए फीस भरने और बाकी की प्रक्रिया के बाद 15 दिन के भीतर डिग्री संबंधित छात्र के घर के पते पर पहुंचेगी। खास बात यह है कि डेढ़ साल से नई हाई सिक्युरिटी डिग्री की कवायद चल रही थी, लेकिन अब यह प्रक्रिया औपचारिक से रूप से शुरू हो पा रही है। सोमवार को नोटिफिकेशन के बाद बुधवार से फॉर्म मिलना शुरू होंगे।

ये खासियत होगी

- एक ही प्रमाण-पत्र पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों की डिग्री मिलेगी।
- हाई सिक्युरिटी कोड होगा, इससे दुनियाभर में कहीं भी ऑनलाइन वेरिफिकेशन हो सकेगा।
- फर्जी डिग्री की समस्या खत्म होगी। डिग्री की कोई कॉपी नहीं कर पाएगा।
- डिग्री का कागज बेहद उम्दा क्वालिटी का होगा, यह न तो फटेगा और न ही पानी में खराब होगा।

विदेश में नहीं आएगी समस्या

अभी जो डिग्री यूनिवर्सिटी दे रही है, उसका कागज खराब क्वालिटी का है। वहीं विदेश में एडमिशन लेने या जॉब करने वाले छात्रों को परेशानी आती है। खासकर डिग्री की वैधता जांचने के लिए यूनिवर्सिटी के पास सैकड़ों ई-मेल आते हैं, लेकिन अब यह समस्या खत्म हो जाएगी। सिक्युरिटी कोड के जरिये कुछ सेकंड में डिग्री की वैधता पता चल जाएगी। यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार प्रज्वल खरे के अनुसार बुधवार से जो भी छात्र डिग्री के लिए आवेदन करेगा, उसे नया फॉर्म मिलेगा। उसी फॉर्म के आधार पर नई डिग्री मिलेगी।